मो0 नं0 : 9473942736

# अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण) कानपुर देहात।

पत्रांक 3717 / डब्लू–52 / 49 दिनांक 28-04-26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
कानपुर देहात।

विषयः– **ई0 पेपर अमर उजाला में दिनांक 28.04.2026 को प्रकाशित (नकारात्मक खबर) "सनिहांपुर में मोटर फुंकने से आपूर्ति ठप" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **ई0 पेपर अमर उजाला में दिनांक 28.04.2026 को प्रकाशित (नकारात्मक खबर) "सनिहापुर में मोटर फुंकने से आपूर्ति ठप"** के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत सनिहापुर विकास खण्ड डेरापुर जनपद कानपुर देहात के अन्तर्गत सनिहांपुर पेयजल योजना का निर्माण मैसर्स जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0 के द्वारा कराया गया है। उक्त पेयजल योजना विद्युत आधारित है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्य क्रमशः अवर जलाशय 100 के0एल0/18 मी0 स्टेजिंग पूर्ण, नलकूप 01 नग पूर्ण, पम्प हाउस 01 नग पूर्ण, बाउण्ड्रीवाल 01 नग पूर्ण, पाइप लाइन 6.70 किमी0 के सापेक्ष 6.14 किमी0 पूर्ण, हाउस कनेक्शन 637 नग के सापेक्ष 440 नग हाउस कनेक्शनों को पूर्ण कराकर माह जनवरी 2026 में योजना से लाभान्वित ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि अवशेष हाउस कनेक्शनों का कार्य सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के द्वारा सत्त रूप से किया जा रहा है। तदोपरान्त दिनांक 21.04.2026 को ट्रान्सफार्मर में शाट् सर्किट हो जाने के कारण मोटर खराब हो जाने से जलापूर्ति बाधित हो गयी थी, उक्त मोटर की दिनांक 23.04.2026 को मरम्मत कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी थी। पुनः दिनांक 24.04.2026 को मोटर के पैनल में तकनीकी खराबी हो जाने के कारण जलापूर्ति बाधित हो गयी थी।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि पुनः उक्त पेयजल योजना के अन्तर्गत मोटर के पैनल की मरम्मत कराकर दिनांक 27.04.2026 को वर्तमान में उक्त पेयजल योजना से ग्राम पंचायत सनिहांपुर के ग्रामवासियों को नियमित रूप से सुबह–शाम जलापूर्ति की जा रही है। (फोटोग्राफ संलग्न)। सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक–फोटोग्राफ।**

भवदीय

(टी0आर0कटारिया)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 3717 / W52 / 49 दिनांक 28-04-26

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), कानपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय, (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), कानपुर।

अधिशासी अभियन्ता

हें सही मार्ग पर लाते हैं। (संवाद)

परेशानी

## शिकायत पर भी नहीं दिया ध्यान, हैंडपंप भी खराब

# सनिहापुर में मोटर फुंकने से आपूर्ति ठप

संवाद न्यूज एजेंसी

डेरापुर। ब्लॉक के सनिहापुर ब्राह्मण गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। हैंडपंप खराब होने और जल जीवन मिशन के तहत बनी नलकूप की मोटर फुंक जाने से ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शिकायतों के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

सनिहापुर अहिरान में हर घर नल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था, जिसकी पाइपलाइन सनिहापुर ब्राह्मण तक डाली गई। हालांकि गांव के कुछ हिस्सों में अब भी पाइपलाइन नहीं पहुंची है। करीब 80 ग्रामीणों ने कनेक्शन ले रखा है उनमें भी टोंटियां नहीं लगीं, पानी फैलता रहता है।

एक सप्ताह से मोटर खराब होने के कारण जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप भी खराब पड़े हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। ग्रामीण अर्पित चौबे, उदय नारायण, धीरू चौबे और सुशील ने बताया कि आईजीआरएस, ग्राम प्रधान और बीडीओ से कई बार शिकायत की गई लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।



सनिहापुर गांव की टंकी। संवाद

करीब तीन हजार की आबादी पानी की किल्लत से जूझ रही है। सनिहापुर ब्राह्मणान निवासी विपिन चौबे का कहना है कि पाइप लाइन पूरे गांव में डाली जाए, ग्रामीणों को कनेक्शन दिए जाए जिससे योजना का लाभ मिल सके।

इसी गांव के राजन अग्निहोत्री का कहना है कि गांव में खराब पड़े सरकारी हैंडपंप दुरुस्त कराए जाएं। ग्राम प्रधान सत्यजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत सचिव स्नेहा राजपूत ने बताया कि पानी की टंकी अभी ग्राम पंचायत को हस्तांतरित नहीं की गई है।

मोटर ठीक कराने के लिए संबंधित कार्यदायी संस्था को पत्र भेजा गया है। वहीं एडीओ पंचायत अश्वनी कुमार ने कहा कि बीडीओ से वार्ता कर जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा।


GPS Map Camera
Google
मंगलवार, 28/04/2026 01:44 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
मंगलवार, 28/04/2026 01:4 PM GMT +05:30